दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 30 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. आयुष्मान वय वंदन योजना के तहत सत्तर वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाया गया। पांच लाख रूपये तक के सालाना मुफ्त इलाज की मिलेगी सुविधा।

02. राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों इमामगंज, बेलागंज, तरारी और रामगढ़ उप चुनाव के लिए आज नाम वापसी का अंतिम दिन। चौवालीस प्रत्याशियों के पर्चे पाये गये हैं वैध।

03. मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और सुधार के लिए प्रदेश भर में संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू। अठाईस नवंबर तक चलेगा अभियान।

04. और, अवैध खनन के खिलाफ चलाये गये विशेष अभियान के तहत प्रदेशभर में तिरासी जगहों पर एक साथ छापेमारी। ग्यारह प्राथमिकी की गयी दर्ज।

————————————————

आयुष्मान वय वंदन योजना के तहत सत्तर वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल इस योजना की शुरूआत की। योजना के तहत सभी आय वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों को सालाना पांच लाख रूपये तक के इलाज की सुविधा मिलेगी। योजना की शुरूआत होने से देशभर के छह करोड़ बुजुर्गों को लाभ होगा। वहीं, बिहार में लगभग पचास लाख बुजुर्ग योजना के दायरे में आयेंगे। योजना की शुरूआत करते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इससे हर वर्ग के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज मिलेगा।

———बाईट———

इधर बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि आयुष्मान वय वंदन योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक बड़ी सौगात है।

———बाईट———

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने भी केन्द्र सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुये कहा कि इससे बुजुर्ग लोगों को इलाज कराने में अब किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। उन्होंने योजना की शुरूआत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया।

————————————————

राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों इमामगंज, बेलागंज, तरारी और रामगढ़ उप चुनाव के लिए आज नाम वापसी की अंतिम तिथि है। इन क्षेत्रों के लिए कुल पचास उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे थे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद चौवालीस नामांकन वैध पाये गये हैं। इन चार सीटों पर उप चुनाव के लिए मतदान तेरह नवंबर को होगा जबकि मतों की गिनती तेईस नवम्बर को की जायेगी। इधर, विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार अभियान शुरू कर दिया है।

————————————————————

निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की है। यह अभियान अट्ठाईस नवंबर तक चलेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच.आर. श्रीनिवास ने बताया कि इस अभियान के तहत दो नवंबर, तीन नवंबर, तेईस नवंबर और चौबीस नवंबर को विशेष शिविर लगाए जायेंगे। उन्होंने बताया कि लोग मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटाने और इसमें किसी तरह के बदलाव के लिए ऑनलाईन और ऑफलाईन आवेदन कर सकते हैं।

———बाईट———

————————————————————

खनन और भू–तत्व विभाग ने अवैध बालू खनन के खिलाफ चलाये गये विशेष अभियान के तहत प्रदेशभर में तिरासी जगहों पर छापेमारी की। विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस दौरान कुल ग्यारह प्राथमिकी दर्ज की गयी। अवैध खनन में लगे इकतीस गाड़ियों को जब्त किया गया। साथ ही बड़ी मात्रा में बालू और पत्थर जब्त किये गये। खनन नियमों की अवहेलना के आरोप में बीस लाख बत्तीस हजार रूपये जुर्माना वसूला गया।

————————————————————

सीबीआई ने दस लाख रूपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार बिहार–झारखंड के तत्कालीन प्रधान आयकर आयुक्त संतोष कुमार समेत पांच अन्य के खिलाफ पटना स्थित विशेष अदालत में आरोप पत्र दायर किया है। आरोप पत्र में गुरपाल सिंह, राजीव कुमार, अशोक चौरसिया और डॉक्टर प्रणय पूर्वे के नाम शामिल हैं। इस बीच, अदालत ने इन सभी आरोपियों को जमानत दे दी है। इनकी गिरफ्तारी इस वर्ष छब्बीस अगस्त को हुई थी। निलंबित प्रधान आयकर आयुक्त पर पद का दुरूपयोग कर आयकर में राहत देने के एवज में लोगों से रिश्वत लेने का आरोप है।

————————————————————

पटना मेट्रो रेल हादसे में मारे गये मजदूरों के परिजनों को पांच–पांच लाख रूपये की सहायता राशि दी जायेगी। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने यह

घोषणा की है। इधर, नगर विकास मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि मामले की जांच के लिए जिलाधिकारी ने तीन सदस्यों वाली कमिटी का गठन किया है। इसमें श्रम विभाग के भी अधिकारी शामिल हैं।

———बाईट———

————————————————————

दीपावली और छठ पर्व को लेकर रेलवे स्टेशन पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुये पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने हाजीपुर में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी प्रमुख स्टेशन पर यात्रियों के लिए छह से सात नवम्बर तक होल्डिंग एरिया बनाने के निर्देश दिये गये। साथ ही उन्होंने भीड़ की निगरानी के लिए वार रूम बनाने और इसे सीसीटीवी कैमरे से जोड़ने का निर्देश दिया। श्री सिंह ने स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर खोलने, पूछताछ कार्यालय के कर्मचारियों को ट्रेनों के आवागमन से संबंधित अद्यतन जानकारी के साथ चौकस रहने का भी निर्देश दिया। श्री सिंह ने कहा कि रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में स्पेशल ट्रेन चलाये जा रहे हैं।

————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश शहरों में वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुये बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने लोगों से ग्रीन दीपावली मनाने की अपील की है। पर्षद ने सुप्रीम कोर्ट के दिशा–निर्देशों के आलोक में पटना, गया, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर शहर में पटाखों के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही राज्य के अन्य हिस्सों में हरित पटाखों का उपयोग रात्रि आठ बजे से दस बजे तक ही करने के निर्देश दिये गये हैं।

————————————————————

नालंदा के पावापुरी में आज से दो दिवसीय पावापुरी महोत्सव की शुरूआत हो रही है। महोत्सव में देश के कई नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। साथ ही महोत्सव में भगवान महावीर के संदेश पर आधारित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है।

————————————————————

स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र में बाईस करोड़ रूपये की लागत से फिटनेस पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। नगर आयुक्त दीपक कुमार मिश्र ने बताया कि यह फिटनेस पार्क राज्य का पहला ऐसा पार्क होगा, जिसमें एक किलोमीटर से अधिक की लम्बाई में सुबह की सैर करने वालों के लिए पैदल पथ बनाये गये हैं।

———बाईट———

———————————————————————————

शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन छात्रों का आधार कार्ड बना होगा उन्हें ही राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक योगेन्द्र सिंह ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि योजनाओं की राशि का भुगतान आधार से जुड़े बैंक खाते में करना अनिवार्य है।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क गैर आवासीय कोचिंग की व्यवस्था शुरू की है। इसके लिए अगले वर्ष दसवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले वैसे विद्यार्थी आवेदन के पात्र होंगे जो ग्यारहवीं कक्षा में बिहार बोर्ड से संबद्ध प्लस–टू विद्यालयों में प्रवेश लेने के इच्छुक हैं। आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गयी है जो पन्द्रह नवम्बर तक चलेगी।

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए विलम्ब शुल्क के साथ आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा कर दस नवम्बर कर दी है।

———————————————————————————

पटना विश्वविद्यालय और केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के बीच कल पटना में आपसी शैक्षणिक और शोध कार्यों को बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। इस समझौते के बाद अब दोनों विश्वविद्यालयों के शोधार्थी और शिक्षक विश्वविद्यालय में उपलब्ध शोध सुविधाओं का पारस्परिक उपयोग कर सकेंगे।

———————————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्यभर से एक सौ तिरेसठ नये मामलों की पुष्टि हुई है। सबसे अधिक इकहत्तर मामले पटना से मिले हैं। पटना से चिकनगुनिया के भी सात नये मरीजों की पुष्टि हुई है।

———————————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र से पुलिस ने सात ट्रॉली बैग से शराब की खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब का बाजार मूल्य लगभग छह लाख रूपये बताया जाता है। वहीं, अररिया जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर एक टैंकर से उन्नीस सौ लीटर से अधिक शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

कस्मट विभाग की टीम ने पटना के रामचक बैरिया में तीन करोड़ छप्पन लाख रूपये से अधिक मूल्य के गांजा, सिगरेट और नशीली दवाओं को नष्ट कर दिया।

---

एसटीएफ की टीम ने औरंगाबाद जिले के अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन के पास से दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से आठ सौ बीस कारतूस बरामद किये गये हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बिहार में बनने लगा सत्तर पार उम्र के लोगों का आयुष्मान कार्ड।

दैनिक जागरण ने लिखा है– बाढ़ प्रभावित किसानों के खाते में भेजे गये कृषि इनपुट अनुदान के एक सौ एक करोड़ रूपये।

प्रभात खबर की सुर्खी है– दीपावली से होगी पछुआ की दस्तक, गिरेगा रात का पारा।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– फ्रीज में खाना लम्बे समय तक सुरक्षित नहीं, यह सिर्फ खाना खराब होने को धीमा कर रहा।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– निर्वाचन आयोग ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के अनियमितता संबंधी आरोपों को खारिज किया।

आज अखबार की सुर्खी है–धनतेरस पर पटना में बत्तीस सौ करोड़ रूपये का कारोबार।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...............

01. आयुष्मान वय वंदन योजना के तहत सत्तर वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाया गया। पांच लाख रूपये तक के सालाना मुफ्त इलाज की मिलेगी सुविधा।

02. राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों इमामगंज, बेलागंज, तरारी और रामगढ़ उप चुनाव के लिए आज नाम वापसी का अंतिम दिन। चौवालीस प्रत्याशियों के पर्चे पाये गये हैं वैध।

03. मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और सुधार के लिए प्रदेश भर में संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू। अठाईस नवंबर तक चलेगा अभियान।

04. और, अवैध खनन के खिलाफ चलाये गये विशेष अभियान के तहत प्रदेशभर में तिरासी जगहों पर एक साथ छापेमारी। ग्यारह प्राथमिकी की गयी दर्ज।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।